76. राष्ट्रीय आय मापने की निम्नलिखित में से कौन सी विधि है ?
(a) उत्पादन या मूल्य वृद्धि विधि
(b) आय वितरण विधि
(c) अंतिम व्यय विधि
(d) उपरोक्त सभी

77. प्रेरित निवेश को प्रभावित करने वाले निम्नलिखित में से कौन से कारक हैं ?
1. अनिश्चितता तत्व
2. पूँजीगत वस्तुओं का वर्तमान स्टॉक
3. आविष्कार तथा नवप्रवर्तन
4. उपभोग प्रवृत्ति
(a) सिर्फ 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

78. निम्न में से किसके अनुसार, स्वतंत्र प्रतियोगिता के अन्तर्गत आर्थिक प्रणाली की प्रवृत्ति यह रही है कि श्रम बाजार में अपने-आप पूर्ण रोजगार प्राप्त करे ?
(a) प्रो० हैन्सन (b) पीगू
(c) केन्स (d) शूम्पीटर

79. सर्वप्रथम किसने प्रदर्शित किया कि माँग वक्र को अनधिमान वक्रों की सहायता से व्युत्पन्न किया जा सकता है ?
(a) एजवर्थ (b) पैरेटो
(c) हिक्स (d) वॉसरा

80. एक व्यक्तिगत माँग वक्र इस मान्यता पर आधारित होता है कि निम्न तत्त्व को छोड़कर बाकी सब निर्धारक तत्त्व स्थिर रहते हैं–
(a) उपभोक्ता की आय
(b) सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत
(c) वस्तु की कीमत
(d) उपभोक्ता की रुचि

81. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक अंशदान करता है?
(a) कृषि एवं सम्बद्ध क्रियाएँ
(b) विनिर्माण उद्योग
(c) विद्युत गैस और जल आपूर्ति
(d) सेवाएँ

82. निम्न कारणों में से कौन कारण भारत के प्रति व्यक्ति वास्तविक आय (Per capital Income) में धीमी बढ़त के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी रहा :
1. जनसंख्या में तेज बढ़त
2. मूल्यों में भारी बढ़त
3. कृषि तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में धीमी गति
नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर ढूँढें-
कूट :
(a) 1 एवं 2 केवल (b) 1, 2 एवं 3 केवल
(c) 1 एवं 4 केवल (d) उपर्युक्त सभी

83. निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण भारतीय अर्थव्यवस्था का नहीं है?
(a) श्रम की न्यून कार्यक्षमता
(b) प्रति व्यक्ति कम आय
(c) पूँजी निर्माण की न्यून दर
(d) प्राकृतिक संसाधनों की कमी

84. भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में निम्न में से कौन कथन सही नहीं है?
(a) विश्व जनसंख्या में इसका अंश 17.5 % है, जबकि विश्व के जी.डी.पी. में इसका अंशदान 1.7 %
(b) सेवा क्षेत्र का भारत की जी.डी.पी. में अंशदान केवल 25% है
(c) इसकी वर्किंग जनसंख्या का 48.0% कृषि में कार्यरत है, लेकिन कृषि का राष्ट्रीय आय में अंशदान लगभग 17.4 % है।
(d) भारत का भौगोलिक क्षेत्रफल विश्व के भौगोलिक क्षेत्रफल का केवल 2.4 % है।

85. भारत में सेवा क्षेत्र में सम्मिलित है-
I. खनन व उत्खनन।
II. परिवहन और संचार।
III. होटल।
IV. वानिकी व मत्स्यिकी।
(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल III और IV (d) केवल I और IV

86. भारतीय में राष्ट्रीय आय का प्राक्कलन किया जाता है:
(a) योजना आयोग द्वारा
(b) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा
(c) भारतीय सांख्यिकी संस्थान द्वारा
(d) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा

87. मानवीय गरीबी सूचकांक किस वर्ष में विकसित किया गया?
(a) 1991 में (b) 1995 में
(c) 1997 में (d) 2001 में

88. भारत में बचत में भागीदारी के सन्दर्भ में पिछले चार वर्षों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?
(a) घरेलू क्षेत्र के वित्तीय एसेट्स की भागीदारी बढ़ी है?
(b) सार्वजनिक क्षेत्र की बचत में भागीदारी बढ़ी है।
(c) कारपोरेट क्षेत्र की बचत में भागीदारी बढ़ी है।
(d) घरेलू क्षेत्र की वित्तीय एसेट्स के रूप में बचत में भागीदारी घटी है।

89. आर्थिक नियोजन के युग के आरम्भ से भारत की सकल राष्ट्रीय आय में कृषि का हिस्सा
(a) निरन्तर कम होता रहा
(b) निरन्तर बढ़ता रहा
(c) पहले बढ़कर फिर कम हुआ है
(d) पहले कम होकर फिर बढ़ा है

90. बन्द अर्थव्यवस्था (क्लोज्ड इकोनॉमी) से आप क्या समझते हैं?
(a) निर्यात बन्द (b) आयात-निर्यात बन्द
(c) आयात बन्द (d) नियन्त्रित पूँजी

91. क्रय-शक्ति क्षमता सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था ?
(a) ह्वीटले (b) हैबरलर
(c) थॉमस (d) स्नाइडर

92. यदि 1 डॉलर = 47 रु० से घटकर विनिमय दर 1 डॉलर = 30 रु० हो जाए, तो यह हमारे देश के लिए कैसी होगी ?
(a) प्रतिकूल (b) अनुकूल
(c) स्थिर (d) डॉलर की मात्रा पर निर्भर

93. हीन वस्तुओं के लिए आय प्रभाव
(a) शून्य होता है (b) ऋणात्मक होता है
(c) अनन्त होता है (d) धनात्मक होता है

94. देश के भीतर पूँजी एवं श्रम बहुत अधिक गतिशील रहते हैं, जिसके फलस्वरूप सम्पूर्ण देश में समान व्यवसायों में
(a) मजदूरी एवं ब्याज की दरों में कुछ समानता पाई जाती है
(b) मजदूरी एवं ब्याज की दरों में समानता पाई जाती है
(c) मजदूरी एवं ब्याज की दरों में बहुत असमानता पाई जाती है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

95. किसी देश के आयात-निर्यातों में परिवर्तन होने से उस देश की राष्ट्रीय आय पर इसका प्रभाव पड़ता है। इसे क्या कहा जाता है ?
(a) बैकवाश प्रभाव (b) आयात-निर्यात प्रभाव
(c) विदेश-व्यापार प्रभाव (d) राष्ट्रीय आय प्रभाव

96. माँग की आय लोच को निम्न सूत्र की सहायता से मापा जाता है
(a) $\frac{\Delta q \times y}{\Delta y \times q}$ (b) $\frac{\Delta q \times q}{\Delta y \times y}$
(c) $\frac{\Delta y \times y}{\Delta q \times q}$ (d) $\frac{\Delta y \times q}{\Delta q \times y}$

97. रिकार्डो द्वारा प्रतिपादित तुलनात्मक लागत के सिद्धान्त में
(a) अर्थशास्त्री बैस्टेविल ने संशोधन किया
(b) अर्थशास्त्री जे.एल. मिल ने संशोधन किया
(c) अर्थशास्त्री मार्शल ने संशोधन किया
(d) अर्थशास्त्री रॉबिन्सन ने संशोधन किया

98. एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा में व्यक्त की गई कीमत को कहते हैं
(a) बाजार दर (b) विनिमय दर
(c) समता दर (d) स्थानान्तरण दर

99. संरक्षण की नीति के पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिया जा सकता है
(a) देश की मुद्रा देश में ही रखने का तर्क
(b) आयातों में वृद्धि करने का तर्क
(c) विदेशी विनियोग में विस्तार करने का तर्क
(d) उपरोक्त सभी

100. जब दो वस्तुओं के बीच माँग की आड़ी मूल्य लोच शून्य होती है, तो तब वे वस्तुएँ
(a) पूरक होती हैं
(b) स्वतन्त्र होती हैं
(c) प्रतिस्थापन्न होती हैं
(d) विलासिता की वस्तुएँ होती है

101. व्यापक मुद्रा की माप किसके द्वारा होती है?
(a) $M_1$ (b) $M_2$
(c) $M_3$ (d) $M_4$

102. किस वर्ष में नाबार्ड (कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु राष्ट्रीय बैंक) की स्थापना हुई?
(a) 1992 (b) 1982
(c) 1962 (d) 1952

103. कम्पनी अंश (शेयर) पर मर्यादित (Ltd.) होने का अर्थ है-
(a) निवेश राशि सीमित होना
(b) सीमित धारकों का होना
(c) धारकों का उत्तरदायित्व सीमित होना
(d) उपरोक्त सभी

104. भारतीय रिजर्व बैंक के पास विभिन्न व्यावसायिक बैंकों की कुल जमा एवं आरक्षित राशि का निर्धारित भाग क्या कहलाता है?
(a) भुगतान संतुलन (b) बैंक गारंटी
(c) अमानत राशि (d) नकद आरक्षित अनुपात

105. भारत में सबसे अधिक शाखाएँ किस विदेशी बैंक की है?
(a) ए.एन. जेड ग्रिण्डलेज बैंक
(b) स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक
(c) हांगकांग एण्ड शंघाई बैकिंग कॉर्पोरेशन
(d) सिटी बैंक

106. भारत के राष्ट्रीय शेयर बाजार का मुख्यालय कहाँ है?
(a) मुम्बई (b) कोलकाता
(c) दिल्ली (d) अहमदाबाद

107. भारतीय रिजर्व बैंक का लेखावर्ष (Accounting year) है-
(a) अप्रैल-मार्च (b) जुलाई-जून
(c) अक्टूबर-सितम्बर (d) जनवरी-दिसम्बर

108. केन्द्रीय बैंक का निर्देशक सिद्धान्त नहीं है-
(a) मौद्रिक नियन्त्रण (b) लाभोपार्जन
(c) मुद्रा निर्गमन (d) सम्पूर्ण देश का हित।

109. निम्न में से मुद्रा का अनिवार्य कार्य क्या है?
(a) मूल्य-मापन (b) मूल्य-संचय
(c) मूल्य हस्तान्तरण (d) साख व्यवस्था का आधार

110. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वित्त मंत्रालय का एक विभाग् नहीं है?
(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) एल.आई.सी. और जी.आई.सी.
(c) आई.डी.बी.आई.
(d) उपर्युक्त सभी

111. लगान किस समय उत्पन्न होगा?
(a) जबकि भूमि गतिशील हो
(b) जबकि समस्त भूमि उपजाऊ हो
(c) जबकि भूमि की पूर्ति पूर्णतया लोचदार हो
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

112. सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त के जन्मदाता हैं
(a) रिकार्डो (b) कीन्स
(c) जे बी क्लार्क (d) मार्शल

113. सुमेलित कीजिए–

| सूची-A | सूची-B |
|---|---|
| (a) Y | 1. कारक तीव्रता |
| (b) δ | 2. प्रतिस्थापन की लोच |
| (c) α | 3. कारक समजातीयता |
| (d) V | 4. दक्षता प्राचल |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

114. ब्याज के तरलता अधिमान सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था
(a) शुम्पीटर ने (b) मार्शल ने
(c) नाइट ने (d) कीन्स ने

115. एक वस्तु की कीमत की कमी का परिणाम है
(a) उपभोक्ता की वास्तविक आय में कमी
(b) उपभोक्ता की वास्तविक आय में वृद्धि
(c) उपभोक्ता की मौद्रिक आय में कमी
(d) उपभोक्ता की मौद्रिक आय में वृद्धि

116. वे वस्तुएँ, जिनकी माँग किसी अन्य वस्तु की कमीत बढ़ने पर कम हो जाती है, किस श्रेणी के अन्तर्गत आती है?
(a) पूरक वस्तुएँ (b) गिफिन वस्तुएँ
(c) स्थानापन्न वस्तुएँ (d) ये सभी

117. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में, जिस फर्म द्वारा माँग वक्र का सामना किया जाता है, वह
(a) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर झुकता है
(b) पूर्ण लोचदार
(c) पूर्ण बेलोचदार
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

118. किस मॉडल में विक्रेता अपने प्रतिद्वन्द्वी की मूल्य लागत स्थित मानता है?
(a) बर्टेण्ड मॉडल में (b) एजवर्थ मॉडल में
(c) सैम्युल्सन मॉडल में (d) इनमें से कोई नहीं

119. कीमत रेखा का ढाल
(a) प्रत्येक बिन्दु पर बदलता है
(b) प्रत्येक बिन्दु पर स्थिर रहता है
(c) 'A' और 'B' दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

120. रिकार्डो के अनुसार, वस्तु कीमत निर्धारण में
(a) केवल माँग पक्ष आवश्यक है
(b) केवल पूर्ति पक्ष आवश्यक है
(c) दोनों पक्ष आवश्यक है
(d) दोनों में से कोई पक्ष आवश्यक नहीं है

121. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय आय है?
(a) साधन लागत पर जीएनपी
(b) साधन लागत पर जीडीपी
(c) साधन लागत पर एनडीपी
(d) साधन लागत पर एनएनपी

122. किस लेखे को कुल बचत एवं निवेश लेखा भी कहा जाता है?
(a) उत्पादन लेखा
(b) विदेशी व्यापार लेखा
(c) पूँजीगत लेखा
(d) पारिवारिक या उपभोग लेखा

123. निम्नांकित में कौन-सा बाजार शून्य प्रतियोगिता को प्रदर्शित नहीं करता?
(a) द्विपक्षीय एकाधिकार (b) अल्पाधिकार
(c) एक क्रेताधिकार (d) एकाधिकार

124. साधन की अवसर लागत को
(a) वर्तमान आय भी कहते हैं
(b) मौद्रिक लागत भी कहते हैं
(c) स्थानान्तरिक आय भी कहते हैं
(d) इसमें से कोई नहीं

125. भारत में राष्ट्रीय आय की सही संगणना में आने वाली एक कठिनाई है
(a) अमौद्रिक क्षेत्र का अस्तित्व
(b) बचत की नीची दरें
(c) अर्द्ध-बेरोजगारी
(d) मुद्रा स्फीति

126. कीन्स के रोजगार सिद्धान्त को 'मन्दी का अर्थशास्त्र' कहकर आलोचना क्यों की जाती है?
(a) इसमें अल्प रोजगार सन्तुलन की बात की गई है
(b) यह एक सामान्य सिद्धान्त है
(c) अल्पकाल में पूर्ति क्रिया को स्थिर माना जाता है
(d) अबन्ध नीति को प्रभावहीन बताया गया है

127. स्थिर अर्थव्यवस्था में श्रम की पूर्ति होती है
(a) पूर्णतया बेलोचदार (b) पूर्णतया लोचदार
(c) लोचदार (d) बेलोचदार

128. मजदूरी का आधुनिक सिद्धान्त माँग-पूर्ति का सिद्धान्त है, जिसमें श्रम की माँग
(a) एक व्युत्पन्न माँग मानी जाती है
(b) श्रमिक द्वारा उत्पन्न वस्तु की माँग की लोच पर निर्भर करती है
(c) श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता पर निर्भर करती है
(d) उपरोक्त सभी

129. आय सिद्धान्त प्रस्तुत करने में कीन्स का दृष्टिकोण
(a) स्थैतिक था
(b) तुलनात्मक स्थैतिक था
(c) हिक्स के अर्थ में प्रावैगिक था
(d) हैरोड के अर्थ में प्रावैगिक था

130. त्वरक का गणितीय मूल्य किस पर निर्भर करता है?
(a) माँग की मात्रा पर
(b) पूँजी-उत्पादन अनुपात पर
(c) सीमान्त उपभोग पृवृत्ति पर
(d) सीमान्त बचत प्रवृत्ति पर

131. आर्थिक विकास सामान्यतया युग्मित होता है–
(a) अवस्फीति के साथ (b) स्फीति के साथ
(c) स्टैगफ्लेशन के साथ (d) अतिस्फीति के साथ

132. छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए शिशु, तरुण व किशोर नाम से ऋण योजनाएं निम्नलिखित में से किसकी हैं ?
(a) एमबीआई (b) भारतीय महिला बैंक
(c) नाबार्ड (d) मुद्रा

133. 'मुदा (MUDRA) शब्द संक्षेप में 'डी' से क्या तात्पर्य है ?
(a) डेवलपमेंट (b) डिपार्टमेंट
(c) डोमेस्टिक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. निम्नलिखित में से किस बैंक ने मुख्यतः 'स्टार्ट अप्स' के लिए ही समर्पित बैंक शाखा की स्थापना बेंगलूरु में की है ?
(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) भारतीय महिला बैंक
(c) पंजाब नेशनल बैंक (d) आईसीआईसीआई बैंक

135. निम्नलिखित में से किस देश को नवम्बर 2015 में विश्व व्यापार संगठन (WTO) में नए 162वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है ?
(a) किर्गिस्तान (b) लाटविया
(c) अफगानिस्तान (d) कजाकिस्तान

136. खरीफ (2016) से शुरू की गई नई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् खरीफ उपजों के बीमे के लिए बीमित राशि का कितने प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसानों को करना होगा ?
(a) 1.0 प्रतिशत (b) 1.5 प्रतिशत
(c) 2.0 प्रतिशत (d) 2.5 प्रतिशत

137. विश्व बैंक की जुलाई 2015 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था अब कितने 'ट्रिलियन डॉलर' जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था हो गई है ?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

138. विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की वर्ष 2015 की फोर्ब्स सूची में क्रिस्टीन लगार्ड का भी नाम है । लगार्ड वर्तमान में किस पद पर हैं ?
(a) विश्व बैंक की अध्यक्ष
(b) आईएमएफ की प्रबन्ध निदेशक
(c) विश्व व्यापार संगठन की प्रबन्ध निदेशक
(d) फेडरल रिजर्व की अध्यक्ष

139. नई शुरू की गई स्वर्ण बॉण्ड योजना के तहत् कोई व्यक्ति अधिकतम कितनी स्वर्ण मात्रा के स्वर्ण बॉण्ड एक वर्ष में खरीद सकता है ?
(a) 30 ग्राम (b) 100 ग्राम
(c) 300 ग्राम (d) 500 ग्राम

140. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के सदस्यों को अब तक 3.6 लाख रु० का जीवन बीमा इसके तहत उपलब्ध था । यह सीमा बढ़ाकर कितनी करने का निर्णय संगठन के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने सितम्बर 2015 में किया है ?
(a) 5 लाख रु० (b) 6 लाख रु०
(c) 8 लाख रु० (d) 10 लाख रु०

141. वितरण में उद्यमी का हिस्सा प्राप्त होता है
(a) सबसे बाद में (b) सबसे पहले
(c) बीच में (d) कभी नहीं

**142. आर्थिक सिद्धान्त के प्रमुख दो पहलू कौन-से हैं?**

(a) धनात्मक तथा ऋणात्मक

(b) वास्तविक तथा आदर्शात्मक

(c) आर्थिक तथा अनार्थिक

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**143. कीमत माँग से तात्पर्य वस्तु की माँगी जाने वाली उस मात्रा से है जिसे उपभोक्ता अन्य बातें समान रहने पर**

(a) एक निश्चित कीमत पर खरीदने को तैयार है

(b) एक निश्चित आय पर खरीदने को तैयार है

(c) अपनी इच्छानुसार खरीदना चाहता है

(d) उपरोक्त सभी

**144. माँग का नियम लागू नहीं होता यदि**

(a) अन्य वस्तुओं की कीमतें बदल जाती हैं

(b) फैशन बदल जाता है

(c) वस्तु की गुणवत्ता में परिवर्तन हो जाता है

(d) उपरोक्त सभी

**145. प्रतिस्थापन्न प्रभाव सदैव**

(a) ऋणात्मक होता है (b) धनात्मक होता है

(c) 'A' और 'B' दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**146. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम निम्नलिखित में से किसका आधार है?**

(a) प्रगतिशील कर का आधार

(b) विनिमय मूल्य एवं उपयोग मूल्य का अन्तर बताना

(c) धन के पुनर्वितरण की नीति में सहायक

(d) उपरोक्त सभी

**147. पूर्ण प्रतियोगिता में कीमत कौन निश्चित करता है?**

(a) प्रतिनिधि फर्म (b) उद्योग

(c) सामान्य फर्म (d) सरकार

**148. मार्शल द्वारा प्रस्तुत एकाधिकारी विश्लेषण को**

(a) सीमान्त विश्लेषण कहते हैं

(b) कुल लागत एवं कुल आगम विश्लेषण कहते हैं

(c) जाँच पड़ताल या भूल सुधार विधि कहते हैं

(d) तुलनात्मक विश्लेषण कहते हैं

**149. प्रथम घात वाला समरूप फलन कौन-सा है?**

(a) अल्पकालीन उत्पादन फलन

(b) दीर्घकालीन उत्पादन फलन

(c) कॉब डगलस उत्पादन फलन

(d) ये सभी

**150. रेखीय समरूप उत्पादन फलन सम्मिलित है**

(a) बढ़ते पैमाने के प्रतिफल (b) घटते पैमाने के प्रतिफल

(c) स्थिर पैमाने के प्रतिफल (d) इनमें से कोई नहीं

## उत्तर (Answers)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 76. (d) | 77. (d) | 78. (b) | 79. (a) | 80. (c) |
| 81. (d) | 82. (d) | 83. (d) | 84. (c) | 85. (b) |
| 86. (b) | 87. (c) | 88. (d) | 89. (a) | 90. (b) |
| 91. (c) | 92. (c) | 93. (b) | 94. (b) | 95. (c) |
| 96. (a) | 97. (b) | 98. (c) | 99. (a) | 100. (b) |
| 101.(c) | 102. (b) | 103. (c) | 104. (d) | 105. (c) |
| 106.(a) | 107. (b) | 108. (b) | 109. (a) | 110. (c) |
| 111. (c) | 112. (c) | 113. (b) | 114. (d) | 115. (d) |
| 116. (c) | 117. (b) | 118. (c) | 119. (a) | 120. (b) |
| 121.(c) | 122. (c) | 123. (b) | 124. (b) | 125. (d) |
| 126.(c) | 127. (b) | 128. (c) | 129. (a) | 130. (c) |
| 131.(b) | 132. (d) | 133. (a) | 134. (a) | 135. (d) |
| 136.(c) | 137. (b) | 138. (b) | 139. (d) | 140. (b) |
| 141.(c) | 142. (c) | 143. (b) | 144. (b) | 145. (a) |
| 146.(d) | 147. (b) | 148. (b) | 149. (c) | 150. (c) |